Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2018-2019

आवंटन दिनांक-01/03/2019

प्रेषण संख्या:- 27

आवंटन आदेश संख्या:- 185-30

अनुदान संख्या:- 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2018-2019 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		42-अन्य व्यय	योग
1	सिविल लाइंस-प्रयागराज-2878-मेलाधिकारी-कुम्भ , --01-1	वर्तमान प्रगामी	10000000 10000000	10000000 10000000
	योग	वर्तमान प्रगामी	10000000 10000000	10000000 10000000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया एक करोड़

(उमेश कुमार उपाध्याय)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी

Scanned by CamScanner

संख्याः- 27 /एक-10-2019-14(23)/2004

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मेलाधिकारी,
प्रयागराज, मेला प्राधिकरण,
प्रयागराज।

राजस्व अनुभाग-10

लखनऊः :दिनांकः 18 जनवरी, 2019

विषयः-कुम्भ मेला प्रयागराज-2019 में लाइफ जैकेट क्रय किये जाने हेतु हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में राज्य आपदा मोचक निधि से धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके पत्र सं0-4151/पन्द्रह-कु0मेला/2018-19, दि0: 26.12.2018 द्वारा कुम्भ मेला-2019 में किसी आपदा की स्थिति में बचाव हेतु कुम्भ मेला प्रयागराज-2019 में घाटों पर तैनात प्रशिक्षित गोताखोरों एवं नाविकों हेतु लाइफ जैकेट क्रय किये जाने हेतु कुल धनराशि रू0 1,00,00,000/- (रूपये एक करोड़ मात्र) द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में डीआईजी/एसएसपी कुम्भ मेला प्रयागराज आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2 आपके उक्त अनुरोध पर विचारोपरान्त कुम्भ मेला प्रयागराज-2019 के दौरान किसी आपदा की स्थिति में बचाव हेतु घाटों पर तैनात प्रशिक्षित गोताखोरों एवं नाविकों हेतु लाइफ जैकेट क्रय किये जाने हेतु कुल धनराशि रू0 1,00,00,000/- (रूपये एक करोड़ मात्र) वित्तीय वर्ष 2018-19 निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2245-प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत-05-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड-800-अन्य व्यय-06-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय-11-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

4- जो भी उपकरण क्रय किये जायेगें उसकी उपादेयता के सम्बन्ध में शासन के सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा। उपकरण इस प्रकार के न हों, जो किसी विशिष्ट एजेंसी को लाभ पहुँचाने के उददेश्य से क्रय किये जा रहे हों। उपकरण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के शासनादेश दिनांक 23.08.2017 एवं अन्य सहपठित तथा प्रोक्योरमेंट मैनुअल के अनुसार/जेम पोर्टल के अनुसार क्रय किये जायेगें। उपकरण क्रय किये जाने के पूर्व वित्त विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। क्रय किये गये उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जायेगी तथा आवश्यकतानुसार एएमसी/सीएमसी भी करायी जायेंगी।

5- शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि से यदि कोई बचतें सम्भावित हो तो उन्हें वित्तीय वर्ष के समापन के पूर्व नियमानुसार समर्पित कर दी जाये।

Scanned by CamScanner

6- राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल उल्लिखित कार्यों हेतु ही किया जाये। किसी अन्य विभागीय कार्य हेतु इस धनराशि का प्रयोग कदापित न किया जाये। वित्तीय हस्तपुस्तिका/वित्तीय नियमों का अनुपालन किया जायेगा। प्रमुख सचिव गृह विभाग, उ0प्र0 शासन यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त कार्य विशेष के लिए किसी अन्य योजना अथवा निधि से धनराशि सम्बन्धित विभाग को प्राप्त न हुई हो।

7- व्यय की गयी धनराशि का महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाय।

भवदीय,

(श्याम मोहन तिवारी)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ०प्र० प्रयागराज ।
2- प्रमुख सचिव गृह, उ0प्र0 शासन।
3- पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रयागराज, मेला प्राधिकरण, प्रयागराज।
4- मण्डलायुक्त, प्रयागराज उ0प्र0।
5- आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ०प्र० लखनऊ ।
6- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त, संगठन, उ०प्र०।
7- मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, प्रयागराज।
9- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
9- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
उप सचिव।

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner